प्रेम की दीवानी राधा रानी हो गई

प्रेम की दीवानी राधा रानी हो गई,
मुरली वाले की ये दुनियां दीवानी हो गई....

मुरली अधरन धर मुस्कावे री,
बिन देखे टोय चैन न आवे री,
तेरे नाम मेरी जिंदगानी हो गई,
मुरली वाले की ये दुनियां दीवानी हो गई......

बेदर्दी तोए तरस न आवे घायल करके नैन चूरावे,
श्याम बिन दुनियां बेगानी हो गई,
मुरली वाले की ये दुनियां दीवानी हो गई,
मुरली वाले की ये दुनियां दीवानी हो गई.....

लट घुंघराली काली चंचल दोऊ नैना,
मोर मुकुट वाले मीठे तेरे सैना,
सांवली सूरत दिल लुभानी हो गई,
मुरली वाले की ये दुनियां दीवानी हो गई....

ओ सांवरिया नेक सपने में आजा,
भक्त कहें मेरे नैनों में समा जा,
मेरी जिंदगी तेरे नाम हो गई,
मुरली वाले की ये दुनियां दीवानी हो गई.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27373/title/prem-ki-diwani-radha-rani-ho-gayi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |